हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

11 मेरे सिर पर रख दो बाबा, अपने ये दोनों हाथ...



12 शहीद अमित को सारंगपुर में राजकीय सम्मान ...



HURRY UP ! Limited Seats
NEET | JEE | NTSE | NDA | MNS | AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension ★Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682

## खबर संक्षेप

### गुरु रविदास जनकल्याण समिति की बैठक 8 को

**भिवानी।** गुरु रविदास जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक रविन्द्र कुमार ठेकेदार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों व कार्यकारिणी के सदस्यों ने कार्यकारिणी का गठन करने के बारे में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया। समिति की कार्यकारिणी का गठन करने के लिए रविन्द्र की अध्यक्षता में राजीव कालोनी स्थित आंबेडकर भवन में 8 मई को प्रातः 9 बजे से लेकर 11 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### क्रिकेट टीम अंडर-16 की ट्रायल 10 को

**भिवानी।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-16 टीम की ट्रायल 10 मई शनिवार को सुबह 8 बजे बाल भवन पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अशोक भारद्वाज ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी जिनका जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व एक फोटो सहित पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा को बाल भवन पब्लिक स्कूल भिवानी में रिपोर्ट करें।

### मतदाता सूची 15 जून तक नाम किए जाएंगे शामिल

**भिवानी।** हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग के चुनावों के लिए मतदाता सूची का निर्माण 15 जून तक पूरा किया जाना है। साथ ही यह भी अधिसूचित किया जाता है कि कोई भी सदस्य जिसका नाम पिछली मतदाता सूची में नहीं था, उसे अपना नाम 15 जून तक मतदाता सूची में शामिल करना चाहिए। 15 जून के बाद किसी अनुरोध या आपत्ति पर विचार नहीं होगा।

### सांसद आज सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**तोशाम।** भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद धर्मबीर सिंह सात मई को जिला के गांव धारेडू में श्री श्याम दरबार के नवनिर्मित द्वार का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान सांसद ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनेंगे। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार सांसद धर्मबीर सिंह सात मई को दोपहर 12 बजे गांव धारेडू स्थित श्री श्याम दरबार में पहुंचेंगे तथा यहां पर नवनिर्मित द्वार का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन उपरांत सांसद ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश देंगे।

### आभा दीदी की श्रद्धांजलि सभा 9 को होगी

**भिवानी।** सादगी, करुणा और समर्पण की मूरत एवं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आभा दीदी का बीते 28 अप्रैल को देहवसान हो गया था, उनके देहवसान पर श्रद्धाजंलि देने के लिए रोजाना विभिन्न स्थानों से भाई बहन पहुंच रहे है। इसी कड़ी में 28 अप्रैल सोमवार को राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आभा के देह त्याग पर अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी तथा उनकी शिक्षाएं और सेवाभाव आध्यात्मिक जगत में प्रेरणास्त्रोत बताया। आभा दीदी की श्रद्धांजलि सभा 9 मई को प्रातः 11 बजे सेक्टर-13 में होगी। सेक्टर-13 सेवा केंद्र से बीके सरोज ने बताया कि राजयोगिनी बीके आभा दीदी का जन्म 1953 में रोहतक जिले में हुआ था, वे बाल्यकाल से ही संगीत, पढ़ाई, सच्चाई, सफाई के गुणों से परिपूर्ण थी। उन्होंने वर्ष 1964 में गुड़गांव से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त किया तथा 1969 में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा से माऊंट आबू में मिली, जिसके बाद उन्होंने मुंबई में सेवाएं दी।

# कुदरत का निवालें पर प्रहार, बिगड़ी गुणवत्ता, गेहूं वेयरहाउस के बाहर

## काले रंग का हुआ गेहूं, बन गए लड्डू, तीन दिन बाद भी नहीं निकल पा रही नमी

- जब तक गेहूं वेयरहाऊस में नहीं पहुंचता। तब तक किसानों के खाते में गेहूं बिक्री के पैसे नहीं आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

इस बार प्रकृति ने मंडियों में खुले में पड़े गेहूं की बारिश ने ऐसी सूरत बिगाड़ी की मंडियों में पहुंचा गेहूं की गुणवता तो खत्म हो ही गई। साथ में गेहूं का रंग भी काला पड़ गया। हालांकि आढ़ती गेहूं सूखाने में जुटे है,लेकिन उसके बावजूद भी भीगे गेहूं के लड्डू बन गए। जिनको फोड़ने पर उनमें से सफेद रंग पाऊडर निकल रहा है। जो गेहूं बचा है। वह गेहूं न तो खाने लायक है और न ही किसी अन्य उपयोग के लायक। दूसरी तरफ गेहूं की गुणवता खराब होने पर वेयरहाऊस भी गेहूं नहीं उतरवा रहा है। जिसके चलते मंडियों में पड़ा गेहूं आढ़तियों के लिए गले का फांस बनता जा रहा है। क्योंकि गेहूं के वेयरहाऊस में पहुंचने के बाद ही किसानों के खाते में पैसे पहुंच पाएंगे। जब तक गेहूं वेयरहाऊस में नहीं पहुंचता। तब तक किसानों के खाते गेहूं बिक्री के पैसे नहीं आएंगे।





भिवानी। भीगने के बाद बोरी से डंडा मारकर गेहूं को निकालते मजदूर और खराब गेहूं दिखाते आढ़ती। फोटो : हरिभूमि



करीब तीन चार दिन पहले तूफानी बारिश से बवानीखेड़ा व अन्य मंडियों में खुले आसमान तले पड़े गेहूं भीग गए। कई जगहों पर तो एक एक फुट बारिश का पानी जमा नहीं जिसके चलते मंडियों में बनी गेहूं की ढेरियां व बोरियां पूरी तरह से भीग गई। बाद में उन बोरियों को सड़कों पर डाल कर सुखाने का प्रयास किया,लेकिन सूखा नहीं। अब हालात ये बने है कि ढेरियों में एक से डेढ किलो तक के लड्डू बन गए। उनको फोड़ा जाता है तो उसमें से सफेद रंग का पाऊडर निकलता है। गेहूं के दाने तेज हवा में उड़ रहे है। बाकी बचे गेहूं गुणवता भी बेहद कमजोर हो गई है। गुणवता घटने की वजह से गेहूं खाने लायक ही नहीं बचा है। उल्लेखनीय है कि विगत में तूफानी बारिश हुई थी। जिसमें उन खरीद केंद्र व मंडियों में गेहूं ज्यादा भीगा। जहां पर छोट शैड है या फिर गेहूं को खुले में रखा गया था। ज्यादा गेहूं होने की वजह से इतने बड़े तिरपालों की व्यवस्था नहीं बन पाई। जिस वजह से गेहूं भीग गया।

### ज्यादा नमी के कारण वापस भेजा जा रहा है गेहूं

बारिश से गेहूं भीग गया। उसकी गुणवता भी पूरी तरह से घट गई। नमी निर्धारित मापदंड से ज्यादा हो गए। ऐसे में किस तरह से वेयरहाऊस में पहुंचाया जाए। अगर वेयरहाऊस में पहुंचा भी दिया जाए तो वहां पर ज्यादा नमी की वजह से गेहूं को वापस भेजा जा रहा है। फिलहाल आढ़ती गेहूं को मंडी में डलवा कर पूरी तरह से फंस गए। क्योंकि जब तक नमी कम नहीं होगी। तब तक वेयरहाऊस गेहूं को गोदामों में उतारने नहीं देगा। गेहूं नहीं उतरेगा तो किसानों के खाते में गेहूं के पैसे किस तरह से पहुंचेगें। फिलहाल बारिश ने सारे मामले को पेचीदा बना दिया है। जब तक गेहूं की नमी पूरी तरह से खतम नहीं होगी। तब तक गेहूं को वेयर हाऊस में नहीं पहुंचाया जा सकता।

# भैंसों के 17 लाख नहीं देने पर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम




- मृतक के बेटे ने खरकड़ी माख्वान के नरेंद्र , उसकी पत्नी व लड़के पर आत्महत्या करने को मजबूर करने का आरोप लगाया

दिनोद निवासी 49 वर्षीय एक व्यक्ति ने गांव खरकड़ी माख्वान में भैंसों के 17 लाख रुपये नहीं देने के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के बेटे ने खरकड़ी माख्वान के नरेंद्र उर्फ कालिया, उसकी पत्नी व लड़के पर आत्महत्या करने को मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव दिनोद निवासी अनुज ने बताया कि उसका पिता सोमवार को सायं 7 बजे घर से खरखड़ी माखवान जाने की कहकर आया था। रात्रि के समय उसके पिता मृतक भगवान सिंह ने अपने भाई अर्जुन के पास फोन किया और कहा कि मै कालिया के खेत पर हूँ। तो अर्जुन ने कहा कोन सा कालिया। मृतक भगवान सिंह ने बताया कि खरकडी के पास जहा भैस उतारते है वहा हूँ। उसी समय अर्जुन, रामबीर व राहुल गांव से खरकडी माखवान के खेतो की तरफ चल पड़े। उन्होंने डायल 112 पर फोन किया और घटना की सुचना दी। जब तक वे धारण चौक पर पहुचे तो डायल 112 की गाड़ी तथा पुलिस कर्मचारी मिले। अनुज ने बताया कि उसके बाद वे पुलिस को साथ लेकर नरेन्द्र उर्फ कालिया के खेत मे पहुचे। उस समय मृतक भगवान सिहं गांव खरकड़ी माखवान निवासी नरेन्द्र उर्फ कालिया के खेत मे चारपाई के पास पड़ा मिला। उन्होंने भगवान सिंह से पुछा तो उसने बताया कि नरेन्द्र उर्फ कालिया वासी खरकडी माखवान से 25 भैसो के करीब 17 लाख रुपये लेने हैं। नरेन्द्र उर्फ कालिया ने काफी समय से रुपये नही दिए है। जिस बात को लेकर वह काफी तंग व परेशान था। नरेन्द्र उर्फ कालिया, उसके बडे लडके तथा उसकी पत्नी ने भगवान सिंह को कल शाम को यहा पर पैसे देने के लिए बुलाया था। जिन्होने पैसे नही दिए। मृतक ने नरेन्द्र उर्फ कालिया, उसके बड़े लड़के तथा उसकी पत्नी से तंग व परेशान होकर आत्महत्या करने के लिए जहर खा लिया। उसके बाद वे भगवान सिह को उपचार के लिए डायल 112 में बैठाकर सरकारी हस्पताल तोशाम मे ले गए जहा पर इलाज के दौरान भगवान सिहं की मौत हो गई। अनुज ने बताया कि उसके पिता भगवान सिहं को नरेन्द्र उर्फ कालिया, बडे.लड़के व उसकी पत्नी ने आत्म हत्या करने के लिए मजबूर किया है। पुलिस ने अनुज के बयान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बारे में थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है, तफ्तीश जारी है।

# अन्नु गोकलपुरा ने बैंक पीओ की परीक्षा की उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



आदर्श भारती स्कूल सिधनवा की छात्रा अन्नू गोकलपुरा ने बैंक पीओ की परीक्षा पास कर सफलता हासिल की है। अन्नू की सफलता पर उसके विद्यालय और गांव गोकलपुरा में खुशी का माहौल है।

आदर्श भारती स्कूल सिधनवा के प्राचार्य इंद्रसिंह श्योराण व निदेशिका सुशीला देवी ने बताया कि अन्नू शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। वह अपनी कक्षा में हर बार टॉपर रही है। अन्नू का शुरू से ही लक्ष्य बैंकिंग सेक्टर में जाने का था और वह बाहरवीं कक्षा पास करने के बाद से बैंक सर्विस की तैयारी कर रही थी। हाल ही में हुई परीक्षा में अन्नू ने शानदार सफलता हासिल करते हुए बैंक पीओ की नोकरी हासिल की है। वहीं, अन्नू गोकलपुरा ने बताया कि उसकी सफलता का श्रेय उसके विद्यालय के गुरूजनों के अलावा उसके माता, पिता को जाता है।

# वार्ड पार्षद की गाड़ी में लगी आग पार्षद पति ने दी पुलिस में शिकायत



**बवानीखेड़ा।** वार्ड 12 में रात्रि के समय खड़ी गाड़ी को अज्ञात के द्वारा मशाल के माध्यम से आग के हवाले कर दिया। पड़ोसियों द्वारा इसकी सूचना मालिक को दी, बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। वार्ड 12 की पार्षद पुष्पा के पति जोगिन्द्र ने बताया कि उसकी कार जो कि बवानी खेड़ा के बीईओ कार्यालय के बाहर गेट पर गली में खड़ी थी। उसका वाहन जो कि उसके भाई रजनीकांत के नाम पर है और उसके द्वारा इसका प्रयोग किया जाता है, वह वाहन को रोजाना वहीं खड़ा होता है। सोमवार रात्री 2:23 पर मुझे राहगीरों ने दरवाजा खटखटा कर सूचना दी और आकर देखा तो मेरे पैरों तले से जमीन खिसक गई। किसी ने योजनाबद्ध तरीके से मशाल बनाकर इसमें आग लगाई और मशाल को वहीं छोड़कर भाग गया। इसमें सीएनजी किट थी यदि वह आग की चपेट में आ जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हमारे द्वारा पानी से आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक इस पर काबू पाते गाड़ी अधिकतर जल गई । पार्षद पति ने इसकी शिकायत पुलिस में दी ताकि मशाल को फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से जांच करवाने भेजकर जांच की जा सके।

# युवराज व नवीन का एशियन व वुशु स्टार मास्को चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हनुमान गेट रेलवे फाटक स्थित कवि सूरजभान अजायब कॉलोनी निवासी युवराज बामणिया व भारत सूरजभान का चयन एशियन वुशु चैंपियनशिप व वुशु स्टार मास्को चैंपियनशिप के लिए हुआ।

युवराज ने एशियन व अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप के लिए भारत की राष्ट्रीय टीम में चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। दोनों प्रतियोगिता के लिए महम के एक और युवा नवीन का चयन भी हुआ है। बता दें कि दोनों ही खिलाड़ी हनुमान ढ़ाणी स्थित बापू गांधी राजकीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस उपलब्धि की जानकारी मिलते ही उनके गांव और खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। कोच ने बताया कि 2 से 6 मई तक देहरादूर के रायपुर में ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी, जिसमें युवराज व नवीन का एक से 7 जून तक रूस में होने वाली वुशु स्टार मास्को चैंपियिनशिप तथा जून माह में चाईना में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए जूनियर वर्ग के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये सफलता उनके समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि युवराज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

## पंजाब के सीएम के बयान के विरोध में गरजी इनेलो

# इनेलो ने शहर में किया प्रदर्शन, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में दिए गए एक विवादित बयान के बाद हरियाणा में जल संकट को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। इसी के विरोध में मंगलवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की भिवानी जिला इकाई सडक़ों पर उतर आई तथा जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक औमप्रकाश गौरा व जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु की अध्यक्षता में इनेलो का प्रदर्शन पुराना बस स्टैंड से हुई, जहां से भारी तादात में इनेलो कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के हरियाणा के पानी ना देने के ब्यान व केंद्र सरकार द्वारा इस मामले में हस्तक्षेप ना करने पर रोष स्वरूप नारेबाजी की तथा केंद्र सरकार के नाम मांगपत्र सौंपते हुए एसवाईएल नहर परियोजना को तत्काल पूरा कर हरियाणा को उसका वैध जल हिस्सा दिलवाए जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर पूर्व विधायक ओमप्रकाश गौरा ने कहा कि पंजाब सरकार एसवाईएल नहर मुद्दे पर अड़ंगा डाल रही है और हरियाणा के हक के पानी से उसे वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का किसान पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहा है, जबकि पंजाब सरकार गैर-जिम्मेदाराना बयानबाज़ी कर रही है। वही इस मामले में केंद्र सरकार भी मूकदर्शक बनी हुई है, जिससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार भी हरियाणा विरोधी कदम बढ़ा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो इनेलो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व केंद्र सरकार हरियाणा के जल अधिकारों पर डाका डाल रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के नहरों में पिछले 45 दिनों से पानी नहीं है, जबकि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय भी पंजाब नहीं मान रहा, लेकिन इसके बावजूद भी केंद्र सरकार चुप बैठी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को तुरंत हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर पंजाब की हरकतों का कड़ा जवाब देना चाहिए तथा हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि पंजाब के सीएम द्वारा भाखड़ा डैम में तालाबंदी कर संघीय ढ़ांचे के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में एफआईआर भी दर्ज होनी चाहिए।



भिवानी। मंगलवार को पंजाब द्वारा पानी नहीं देने के विरोध में ज्ञापन सौंपते इनेलो के कार्यकता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मा. धर्मपाल ओबरा, कृष्ण मिताथल, अनिल पंघाल, जितेंद्र मिनी गौरीपुर, भूप सिंह, महिला अध्यक्ष सरोज श्योराण, इंदु परमार, शारदा मिश्रा, जगराम, रण सिंह श्योराण, विजेंद्र दुन, दिलबाग चेयरमैन, अनिल सांगवान, जेपी बुडानिया, अशोक मैनेजर, सुभाष धानक, निशांत ढांडा, सतपाल धत्तरवाल, भूपेंद्र कोच, राजेंद्र डीएसओ, राय सिंह, हरनारायण डीएसपी, दीपक वाल्मीकि, विजेंद्र टांक, अनिल काठपालिया, राजेश पुनिया, रोहताश स्वामी, हरकेश नागर, राजबीर बामला सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS
REQUIREMENTS (For All Branches)
Primary Head, Nursery Head
PRT All Subjects
NTT Mother Teachers
VERY ATTRACTIVE SALARY
WALK-IN-INTERVIEW
SUNDAY, 11TH MAY 2025
Timing: 10:00 am to 2:00 pm.
Scan the QR Code and Apply
VENUE OF INTERVIEW:
At All The Respective Branches.
(Interested candidates can choose their nearest Branch.)
For Enquiry : 9416777736, 9466341799, 9934783153
SCHOOL CAMPUSES
MAHENDERGARH: 9466341799 | NARNAUL: 9468061387 | THANWAS: 9050784050 | DHANI MAHU: 9050007943 | JIND: 9053905361 | GURUGRAM SEC.92 : 9053905384 | GURUGRAM SEC.33: 9053905381 | REWARI: 8901167461 | SATNALI: 9812330666 | SOHALI (RAJASTHAN): 9991217659 | KOSLI : 9053002458 | HANSI : 9053905366 | KANINA: 9053048100 | MANDOLA: 7027134134
yaduvanshigroup.edu.in

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

# रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी :*** अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद :*** गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया :*** अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप :*** मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर :*** दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा :*** *ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस :*** *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*


***हैली बीबर और केंडल जेनर :*** *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन :*** *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



# 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



# 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां' को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

# अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें :*** अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि :*** अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला




# इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के' ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज' का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी' की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी' और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा' का करिश्मा' रिलीज हुआ।

# पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### *ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए*

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

***नई दिल्ली।*** *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"



### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल


वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

# 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### इनेलो ने पानी रोकने के विरोध में किया प्रदर्शन

**चरखी दादरी।** इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोकने व प्रदेश की भाजपा सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ जिलाध्यक्ष सूबेसिंह अटेला के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन रोज गार्डन से शुरू हुआ और बस स्टैंड से भगवान परशुराम चौक होते हुए लघु सचिवालय परिसर में समाप्त हुआ और प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

### 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' योग दिवस की थीम

**बवानीखेड़ा।** विश्व योग दिवस 2025 को और अधिक लोकप्रिय और अधिक से अधिक आम जन तक पहुँचाने के लिए आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग के नेतृत्व में हरियाणा आयुष विभाग, योग आयोग चेयरमैन डॉ० जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में समस्त हरियाणा में योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम प्रत्येक जिले की प्रत्येक व्यायामशाला में चलाये जा रहे हैं इस विश्व योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' निर्धारित की गई है।

### पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठाएं

**तोशाम।** एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड एक अनूठी योजना शुरू की गई है। पशु पालको की आय बढाने के लिए यह योजना कारगर साबित हो रही है। यह योजना उन पशु पालकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिनके पास पहले से किसान क्रेडिट कार्ड है या जो इसके लिए पात्र हैं। यह उन्हें अपने पशुधन के प्रबंधन और विस्तार के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

### नपा प्रधान और पार्षद ने चलाया सफाई अभियान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वार्ड नं. 09 पार्षद सुमित्रा देवी द्वारा नपा प्रधान सुंदर अत्री, सफाई निरीक्षक संजय कुमार, सफाई दरोगा संग मिलकर सफाई अभियान को हरि झंडी दिखाई। सफाई कर्मचारियों ने वार्ड की सफाई को अमलीजामा पहनाया। हालांकि नपा चेयरमैन स्वयं वार्ड 9 के निवासी हैं और वार्ड पार्षद व नपा चैयरमैन ने बताया कि इस वार्ड में सफाई व्यवस्था, गली-नाली नवीनीकरण, स्ट्रीट लाइट आदि जो भी समस्याएं हैं उन्हें तुरंत प्रभार से दुरूस्त करवाया जाएगा।

### 9 को सालवन में मनाई जाएगी प्रताप जयंती

**भिवानी।** करनाल जिले के गांव सालवन में नौ मई को मनाई जाने वाली महाराणा प्रताप जयंती के लिए असंध से विधायक योगेंद्र राणा ने समस्त जनपद वासियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के शुभ अवसर पर सालवन गांव में प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह मनाया जा रहा है।

### छात्रों से सेना में करियर के अवसरों पर चर्चा

**चरखी दादरी।** पूर्व गौरव सैनिक सोसाइटी के आह्वान पर क्षेत्रीय भर्ती बोर्ड के सूबेदार मेजर धर्मराज और हिसार कैंट से आए मेजर अरुण कुमार ने पांच मई को सीबीएस स्कूल मोड़ी में विद्यार्थियों से बातचीत की। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार सोलंकी और प्राचार्य प्रदीप ने गुलदस्ते और मालाओं से सैन्य अधिकारियों का सम्मान किया ।

### पुलिस ने शहर में चलाया सर्च अभियान

**चरखी दादरी।** दादरी पुलिस टीम ने मंगलवार को शहर में बस स्टैंड, लोहारु चौक के पास बनी झुग्गियों व बस स्टैंड के पीछे बनी झुग्गियों में संदिग्ध व्यक्तियों व नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर सर्च ऑपरेशन चलाया। सिटी थाना सुरक्षा प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार व बस स्टैंड पुलिस चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में कमांडों व पुलिस टीम ने डॉग स्कवॉयड को साथ लेकर सभी जगहों का बारीकी से निरीक्षण किया।

---

### बाल भवन वाटिका में 23वें श्रीश्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन

# मेरे सिर पर रख दो बाबा, अपने ये दोनों हाथ, देना हो तो दीजिए...

**श्रीश्याम बाबा दरबार में अलौकिक ज्योत व 56 प्रकार के भोग आकर्षक का केन्द्र रहा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रविवार को चिड़ियाघर रोड स्थित बाल भवन वाटिका में 23वां श्रीश्याम गुणगान महोत्सव में खाटू नरेश के जागरण में भजन वर्षा के बीच घंटों श्रद्धालु झूमते दिखाई दिए। श्रीश्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों द्वारा श्रीश्याम बाबा के चरणों में हाजिरी लगाने के लिए लम्बी कतार में खड़ा होकर अपनी पारी का इंतजार करते दिखाई दिए। कलाकार श्रीश्याम प्यारे के जयकारे, खाटू नरेश के जयकारे के साथ भजन सुनाते तो पंडाल में श्रद्धालुओं का झूमना व जयकारे का सिलसिला शुरु हुआ। पंडाल स्थित श्रीश्याम बाबा दरबार में अलौकिक ज्योत व 56 प्रकार के भोग आकर्षक का केन्द्र रहा। महोत्सव के दौरान आमंत्रित भजन गायकों में भजन सम्राट कन्हैया मित्तल चंडीगढ़ वाले ने मेरे सिर पर रख दो बाबा, अपने ये दोनों हाथ, देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ, दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार,यहां पे भी हारा तो कहां जाऊं सरकार व मेरी झोली भर दीजिए की प्रस्तुति दी। अलीगढ़ से श्रीराधा विमल दीक्षित पागल ने मेरी पसंद आपकी भजनों पर पूरा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु श्याम बाबा के रंग में रंग गए। इस अवसर पर मंच संचालक यमुनानगर के अनिल अनुरागी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारिता विरासत एवं पर्यटन व जेल मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, मुख्य यजमान प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति अनुज गुरेजा तथा समारोह अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी मनोज दिवान को श्रीश्याम गुणगान मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।




भिवानी। बाल भवन वाटिका में श्रीश्याम गुणगान महोत्सव में भजन गाते कन्हैया मित्तल व बाल भवन वाटिका में श्रीश्याम गुणगान महोत्सव में भजन सुनती श्रद्धालु।

#### भक्तों का आभार जताया

इस अवसर पर पावन सान्निध्य परम पूज्यनीय महंत डॉ. अशोकगिरि व महंत चरणदास महाराज का रहेगा। श्रीश्याम गुणगान मंडल के सेवक प्रवीण बासिया व मंडल सदस्य ने सभी भक्तों का महोत्सव में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, उद्योगपति धर्मेश शाह, प्रसिद्ध समाजसेवी नीरज कुमार महत्ता, उद्योगपति समीर नारंग, बुद्ध किशोर मित्तल, धर्मबीर ढिल्लो, विजय जिंदल, समाजसेवी सुरेश बासिया, दिवाकर जैन, नरेश ऐरन समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित होंगे।

---

## बिजली कर्मचारी सैनिक से कम नहीं: अभियंता

- अधिकारी और कर्मचारी बोले उपभोक्ता संयम बरते, व्यवस्था जल्द सुधरेगी

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭बवानीखेड़ा



पिछले सप्ताह आए आंधी-तूफान व बारिश ने जहां एक तरफ बरसों पुराने वृक्षों का अस्तित्व समाप्त कर डाला तो वहीं जमीन में गहरे गाड़ी गए बिजली के पोल को या तो तोड़ डाला या उसे गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बिजली निगम का काफी नुकसान हुआ है तो वहीं उपभोक्ताओं को भी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बिजली निगम के कर्मचारी भी जान जोखिम में डालकर बिजली समस्या को दुरूस्त करने में लगे हुए हैं। बवानी खेड़ा उपमंडल के आधीन आने वाले शहर व गांवों में आंधी-तूफान से हजारों वृक्ष गिर गए तो सैंकड़ों पोल टूट गए, दर्जनों ट्रांसफार्मर जमीन पर गिरकर धराशाही हो गए। बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को जहां काफी दिनों से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई एरिया ऐसे हैं जहां बिजली की सप्लाई नियमित रूप से शुरू नहीं हो पाई है तो कहीं कहीं पर बिजली शुरू हो गई और कुछ कट लगाकर बंद बिजली को शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

#### जान जोखिम में डालकर काम में लगे कर्मचारी

बवानी खेड़ा बिजली निगम के कर्मचारी इस आंधी तूफान के कारण बाधित बिजली में कर्मचारी व अधिकारी अपनी जान जोखिम में डालकर दिन रात एक किए हुए हैं। ऊँचे-ऊँचे बिजली के पोल पर चढ़कर कर्मचारी टूटी तारों को जोड़ते हुए नजर आ रहे हैं व बिजली के पोल को भी खड़े करवाते हुए नजर आ रहे हैं। ताकि बिजली सुचारू रूप से शुरू की जा सके।

#### उपभोक्ताओं से भी सहयोग की उम्मीद

बवानी खेड़ा उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि कर्मचारी नियमित रूप से पूरी ईमानदारी के साथ लगे हुए हैं उपभोक्ताओं को भी संयम रखने की जरूरत है और उनसे भरपूर सहयोग की जरूरत है ताकि बिजली कर्मचारी बिना किसी रूकावट के कार्य कर सकें। वहीं अधिकारी ने बताया कि उनके पास उनके क्षेत्र की पूरी रिपोर्ट है ओर जल्दी हर क्षेत्र में बिजली शुरू होगी।

---

## अढ़ाई कोसी परिक्रमा का स्वागत

- सामाजिक सद्भाव को समृद्ध करती अढ़ाई कोसी धार्मिक परिक्रमा : महंत चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम व युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा महंत चरणदास महाराज के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव से शुरू हुई 41 दिवसीय अढ़ाई कोसी परिक्रमा मंगलवार को 25वें दिन भी जारी रही। यात्रा का स्वामी जीतू धानक समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में परिक्रमा मार्ग पर स्वागत व सम्मान किया।

समिति के सदस्यों ने महंत चरणदास का फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया तथा सराहनीय सोच एवं प्रयास की प्रशंसा की। गौरतलब हैं कि वृंदावन, मथुरा और बरसाना जैसी विभिन्न धार्मिक नगरी में निकाली जाने वाली कोसी परिक्रमा की तर्ज पर छोटी काशी में शुरू की गई अढ़ाई कोसी परिक्रमा में रोजाना श्रद्धालु भारी तादात में हिस्सा ले रहे है तथा शहर के सभी 12 ऐतिहासिक दरवाजों सहित छोटी काशी के विभिन्न मंदिरों के बारे में जानकारी हासिल कर रहे है। महंत चरणदास ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, बल्कि श्रीसनातन संस्कृति का सम्मान है। यह परिक्रमा सामाजिक सदभाव को समृद्ध करती है। इस अवसर पर समिति प्रधान राजेश डाबला, उपप्रधान राजू सोलंकी, बाबा साधुराम इंदौरा, पार्षद विनोद बेडवाल, अधिवक्ता धीरज सैनी, दिनेश दाधीच, ओमप्रकाश वर्मा, विजय मित्तल, अंकुर अग्रवाल, विवेक बंसल, हरीश, कुलदीप, रविंद्र बेडवाल, सुरेश किराड़ आदि मौजूद रहे।



भिवानी। अढ़ाई कोसी परिक्रमा यात्रा का स्वागत करते समिति के सदस्य।

## संगठन विस्तार को लेकर बनाई रणनीति

- भाजपा की संगठनात्मक बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्रियों की बैठक को संबोधित करने भाजपा संगठन महामंत्री फर्नीदर नाथ शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने की। बैठक का शुभारंभ भारत माता की फोटो पर ज्योत प्रज्वलित कर किए। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति, संगठन विस्तार और कार्यकारिणी के गठन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह, पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल, बवानीखेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि व भिवानी प्रभारी रेणु डाबला भी मौजूद रहे। शर्मा ने बताया कि 23 जून को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, 27 अक्तूबर को डा. मंल सैन की जयंती, 6 दिसंबर को बाबा साहेब डा. भीमराव अबेडकर का परिनिर्वाण दिवस व 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। बैठक के उपरांत संगठन महामंत्री मंडलों के प्रवास कार्यक्रमों में भी पहुंचे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी, संदीप सरपंच फूलपूरा, धनराज यादव, नविता तंवर, सोनू शर्मा, नवीन परमार, प्रदीप राणा, आशु तवंर, जगत कौशिक, कुलदीप महिला, सतीश वर्मा आदि मौजूद रहे।




भिवानी। आयोजित मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### भाजपा का आधार संगठन

भिवानी प्रभारी रेनू डाबला ने कहा कि भाजपा का आधार संगठन है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला और मंडल स्तर पर कार्यकारिणी का गठन शीघ्रता से और योग्य कार्यकर्ताओं के साथ किया जाए, ताकि संगठनात्मक कार्यों में गति लाई जा सके। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह एवं पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने के साथ-साथ लोगों को बढ़ते जल संकट के प्रति जागरूक करे तथा उन्हे जल बचाने के लिए प्रेरित करे। इस मौके पर बवानीखेड़ा से विधायक कपूर वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रियता बनाए रखने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

---

## पत्रकारिता को जनसरोकार से जोड़ें: दुहन

- वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका विषय पर पत्रकार गोष्ठी में पत्रकारों ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका, विषय पर हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट व विश्व संवाद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में भिवानी के मीडिया सेंटर में आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें जिलेभर से आए पत्रकारों ने पत्रकारों व पत्रकारिता में आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मंच का संचालन यूनियन के प्रदेश महासचिव इंद्रवेश दुहन ने किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे जिला लोकसंपर्क एवं सूचना अधिकारी सुरेंद्र सिंगल, हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अजय मल्होत्रा, श्रीभगवान वशिष्ठ व राजेंद्र चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में मुख्य धारा की पत्रकारिता के समक्ष विभिन्न चुनौतियां है। सोशल मीडिया के इस समय में इन चुनौतियों के बीच सत्य व तथ्य पर आधारित पत्रकारिता को आगे बढ़ाने में पत्रकार अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकारिता को जनसरोकार से जोड़कर पत्रकारिता को जीवित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को चाहिए कि वे किसी नेता या अधिकारी की बताई बात की बजाय मौका देखकर वास्तविक स्थिति को लेकर निष्पक्ष पत्रकारिता करें। उन्होंने आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारद भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र माने जाते है, जो सृष्टि के पहले पत्रकार माने जाते है।




भिवानी। हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट व विश्व संवाद केंद्र के संयुक्त कार्यक्रम को संबोधित करते जिला लोकसंपर्क एवं सूचना अधिकारी सुरेंद्र सिंगल।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला लोकसंपर्क एवं सूचना अधिकारी सुरेंद्र सिंगल, यूनियन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अजय मल्होत्रा, जिला प्रधान अजय सैनी, श्रीभगवान वशिष्ठ, नरोत्तम बागड़ी, पवन मित्तल, केसरी शर्मा, अशोक शर्मा, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा, सोमबीर शर्मा, राजेंद्र चौहान, इन्द्रवेश दुहन, जगबीर घणघस, सरदार कृष्ण सिंह, मंडन मिश्रा, संजय वर्मा, शिवकुमार गुलिया, मुकेश रोहिल्ला, नवनीत शर्मा, वजीर चौधरी, राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक भारद्वाज व संजय कोकचा आदि मौजूद रहे।

## अब कलाकारों को मिलेगी पेंशन

- कलाकारों ने मुख्यमंत्री व उनके ओएसडी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बुजुर्ग कलाकारों को पेंशन दिए जाने की घोषणा पर कलाकारों में खुशी है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए कलाकारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र सिंह बडखालसा व भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धूपड़ का आभार जताया। उन्होंने सरकार के फसले को कलाकारहित में बहुत बड़ा कदम बताया। एचआर मंच ग्रुप्स के निदेशक कलाकार अंकुश ने बताया कि बीते दिनों मुख्यमंत्री के ओएसडी भिवानी में पहुंचे थे। इस दौरान 300 से अधिक कलाकारों ने उन्हें सात सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर कलाकारों की मांगों को पूरा करवाने की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि उक्त सात मांगों में से मुख्यमंत्री के ओएसडी ने पेंशन की मांग को पूरा करके कलाकार हित में कदम बढ़ाया है, जिसके तहत अब कलाकारों को 7 से 10 हजार रूपये पेंशन प्रतिमाह मिलेगी। सरकार का यह कदम न केवल कलाकारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी कला और योगदान को भी सम्मानित करता है। कलाकार अंकुश ने कहा कि पेंशन मिलने से हजारों कलाकारों को लाभ मिलेगा, जो उम्र के इस पड़ाव पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे है। सरकार के फैसले का अमित कौशिक, हरीश कौशिक, रोशनी जुई, रीना बल्हारा, पवन, बिल्लू बादशाह, दीपक देवसर, राहुल सैनी, ताऊ लखी, प्रदीप भाटला, मुकेश सैन, सज्जन परमार, दीपक भुमरा, राकेश धीराना, विजय नादान बलियाली, अनिल वत्स, सतेंद्र सिवाच आदि ने आभार जताया।



भिवानी। ओएसडी विरेंद्र बड़खालसा को मांगपत्र सौंपते कलाकार। *फोटो: हरिभूमि*

---

## सीजेएम ने सेफ हाउस का किया औचक निरीक्षण

- सेफ हाउस की सफाई, पेयजल व भोजनालय की स्थिति जांची

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार सीजेएम कम सचिव पवन कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सेफ हाउस में रह रहे युगल जोड़ों की स्थिति और उनके लिए उपलब्ध सेवाओं का मूल्यांकन करना है।

सीजेएम पवन कुमार ने निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस की साफ-सफाई, रहन-सहन, पेयजल व्यवस्था और भोजनालय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि सेफ हाउस में बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सेफ हाउस में रह रहे युगल जोड़ों को प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के माध्यम से जोड़ों को कानूनी सलाह, सुरक्षा, और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सभी युगल जोड़ों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए और उन्हें पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाए। सउन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि युगल जोड़ों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उनकी जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए।

### संतान कुपात्र हो तो उसके सुधारीकरण का मार्ग श्रीमद्भगवत गीता ही है: पारीक

## भगवान की कथा में छिपा है जीवन का सार

- धुंधकारी एवं गोकरण प्रसंग पर रहा कथा वृतांत
- धुंधकारी एवं गोकरण प्रसंग पर रहा कथा वृतांत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

न्यू हाउसिंग बोर्ड दादरी गेट स्थित पार्क में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवद कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

कथाव्यास वृंदावन से आईं विदुषी वेला पारीक ने आध्यात्मिक विचारों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा में जीवन का सार छिपा है और इसे आत्मसात करके ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। धुंधकारी और गोकरण प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने समझाया कि शरीर पंच तत्वों से निर्मित है और इसमें काम, क्रोध जैसी पांच विकाररूपी गणिकाएं विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि संतान कुपात्र हो जाए तो उसके सुधारीकरण का मार्ग श्रीमद्भगवद गीता के अध्ययन और उसके आचरण में निहित है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भगवत कथा सुनने से प्रेत योनि से भी मुक्ति संभव है। उन्होंने इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी की व्याख्या की और बताया कि सुषुम्ना नाड़ी में प्राण वायु का प्रवाह योगी को हर पीड़ा से मुक्त करता है। ये कथा केवल श्रवण के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारना आवश्यक है। वेला पारीक ने व्यासजी के मंगलाचरण का स्मरण करते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए परमसत्य स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति करनी चाहिए। कथा में शुकदेव प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब शिवजी पार्वती को कथा सुना रहे थे, पार्वती को नींद आ गई। कथा को छुपकर सुन रहे शुकदेव ब्रह्म ज्ञान को प्राप्त कर गए। इस रहस्य को जानकर शिवजी शुकदेव के पीछे दौड़े और अंततः शुकदेव वेदव्यास जी की धर्मपत्नी के गर्भ में प्रवेश कर गए।



भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देती कथाव्यास बेला पारीक। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस धार्मिक अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रदीप शर्मा, बालकिशन मलिक, बिजेंद्र यादव, डीपीआरओ सुरेंद्र सिंगल, राजेश मुखी, सावित्री यादव, अनीतानाथ, यतेन्द्र नाथ, मोतीलाल शर्मा, संगीता, अमित धूपड़, सीमा बंसल, मास्टर पवन कौशिक, अशोक भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### कैरू के शेखर ने एनडीए क्वालीफाई किया

**तोशाम।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, किसको कब बुलंदी पर पहुँचा दे किसी को मालूम नहीं होता। बस लगन की जरूरत होती है। कुछ ऐसा ही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू के छात्र शेखर तंवर कैरू ने कर दिखाया। शेखर ने पहले ही प्रयास में अनुक्रमांक 0857757 के तहत एनडीए क्वालीफाई करके अपने क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया।


छात्र शेखर तंवर।

### साइबर ठगी की सूचना के लिए डायल करें 1930

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर शीघ्र 1930 डायल कर शिकायत दर्ज करवाएं ताकि नुकसान से बचा जा सकें। ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया गया है।

डीसी श्री कौशिक ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण लोग शिकार बन रहे हैं।

### आवास किराये पर लेने के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कामकाजी महिला आवास किराए पर लेना है। इस आवास में मूलभूत सुविधाओं सहित लगभग 10 कमरे होने चाहिए। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 मई है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें। विस्तार से जानकारी देते हुए सखी वन स्टाप सेंटर प्रबंधक अंजू ने बताया कि जिला भिवानी में कामकाजी महिला आवास शुरू किया जाना है।

### बीपीएल परिवारों को बैंकों से मिल रहा ऋण

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों और बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1.80 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### फसल अवशेष प्रबंधन समय की जरूरत

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला के किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल काटने के बाद बचे हुए फसल अवशेषों में आग न लगाए। बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए चलाई जा रही योजनाओं को अपनाकर व्यवसाय की शुरूआत करें। आगजनी के कारण आमजन के स्वास्थय पर दुष्प्रभाव पड़ते है, जिसके कारण उन्हें स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ता है।

## सांसद धर्मबीर सिंह सहित हजारों लोगों ने अपने हीरो को दी श्रद्धांजलि

# शहीद अमित को सारंगपुर में राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

### अमित की शहादत को बताया राष्ट्र की चेतना का प्रतीकः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव सारंगपुर निवासी अमित सांगवान जम्मू-कश्मीर में शहीद हो गया। मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। शहीद की बहन ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक उमेद पातुवास और विधायक सुनील सांगवान की पत्नी ने श्रद्धांजलि दी। दादरी के गांव सारंगपुर निवासी अमित सांगवान डेढ़ साल पहले सेना में भर्ती हुआ था। 4 मई को जम्मू कश्मीर के रामबन जिला में सेना की गाड़ी 600 मीटर गहरी खाई में गिर गई। यह गाड़ी जम्मू से श्रीनगर जा रहे सेना के काफिले में शामिल थी। अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से खाई में गिर गई। हादसे में अमित सांगवान सहित 3 जवान शहीद हो गए। मंगलवार को अमित का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनकी बहन ने चिता को मुखाग्नि दी। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग शहीद को अंतिम विदाई देने पहुंचे तथा पुष्पांजलि दी।

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि यह बलिदान केवल एक सैनिक का नहीं, बल्कि उस राष्ट्रवाद और जनसंकल्प का प्रतीक है जो भारत की आत्मा में बसा है। उन्होंने कहा कि भारत वीरों की भूमि रहा है, जहां के युवाओं ने हमेशा राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि मानते हुए देश की रक्षा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। जिसमें अनेक वीर सपूतों ने सर्वोच्च बलिदान भी दिया है, जो आज युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि अमित सांगवान जैसे शहीदों की यह शहादत हर उस व्यक्ति के लिए एक चेतावनी है जो देश की अखंडता पर नजर डालता है।



**चरखी दादरी।** शहीद अमित सांगवान को श्रद्धांजलि देते सांसद धर्मबीर सिंह व शहीद की मां कृष्णा देवी को ढांढस बंधती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

#### दादा-दादी की आंखों से नहीं रुके आंसू

अमित सांगवान के पिता राजेश सांगवान का करीब 6 वर्ष पहले बीमारी का कारण निधन हो गया था। घर में दादा आजाद सिंह, दादी ओमपति मां कृष्ण देवी है। आजाद सिंह भी सेवा से सेवानिवृत है। जब अमित का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो बुजुर्ग दादा और दादी की आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। मां कृष्णा देवी अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ी। महिलाओं ने उनको ढांढस बंधवाया।

#### नवंबर में होनी थी शादी

अमित सांगवान एक माह पहले छुट्टी लेकर घर आया था, उस समय उसका रिश्ता कर दिया गया। परिजन नवंबर महीने में शादी का प्लान बना रहे थे, लेकिन घर में शहनाई बजाने से पहले ही खुशियां मातम में तब्दील हो गई।


**भिवानी।** जीत के बाद जश्न मनाती विजेता टीम। *फोटो : हरिभूमि*

## भारत ने पीडी दीपक लोहिया मेमोरियल ट्रॉफी 2025 में श्रीलंका को दी मात

- दिव्यांग क्रिकेट में उत्कृष्टता, समावेश और आत्मबल का प्रतीक बनी सीरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने बेंगलुरु के किन्नी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित पीडी दीपक लोहिया मेमोरियल ट्रॉफी 2025 में श्रीलंका पर 5-0 की शानदार श्रृंखला जीत दर्ज की। 26 अप्रैल से 5 मई तक चली इस सीरीज का आयोजन डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया और विल्सपॉक स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसको लेकर भिवानी के दिव्यांग खिलाड़ियों एवं फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया पीसीसीएआई से जुड़े सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियो ने भी खुशी जताई और भारतीय दिव्यांग टीम को बधाई ददी। भिवानी से फिजिकल चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने बेंगलुरु में आयोजित सफल टूर्नामेंट को लेकर भारत की टीम व पदाधिकारियो को बधाई दी। फिजिकल चैलेंज क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने जानकारी देते हुए कहा कि फाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवरों में 191/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका की टीम केवल 88 रन पर 15.1 ओवर में सिमट गई।

#### दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं

पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है , उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों ने छोटे स्तर से अपनी खेल स्पर्धा को शुरू किया था और दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए धीरे-धीरे कारवां बढ़ता गया ,आज दिव्यांग खिलाड़ी किसी पहचान के मोहताज नहीं है ,वह अपने हुनर के बल पर देश और दुनिया को दिखा रहे हैं कि हम किसी से कम नहीं हैं।

## महिला कॉलेज का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर करने को लेकर सीएम से मिले नवीन कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम बवानी खेड़ा निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर शंभू सिंह के नाम करवाने को लेकर गांव पुर निवासी एवं सर्व कल्याण मंच के संस्थापक व केंद्रीय बिजली मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव नवीन कौशिक राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि बवानी खेड़ा के महिला महाविद्यालय का नाम स्वतंत्रता सेनानी व आजाद हिंद फौज के सिपाही ठाकुर शंभू सिंह के नाम किया जाए। नवीन कौशिक ने बताया कि इन स्वतंत्रता सेनानियों के ही दम पर आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। नवीन कौशिक ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस नाम परिवर्तन को लेकर हलका के विधायक कपूर वाल्मीकि ने विधानसभा में उठाया था। शहर बवानी खेड़ा में आजाद हिंद फौज के सिपाही ठाकुर शंभू सिंह के परिजनों एवं पूरे शहर में नवीन कौशिक के इस मांग को उठाए जाने को लेकर उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और बताया कि नवीन कौशिक हर समय अपने हलके की आवाज उठाते हैं वहीं नवीन कौशिक ने बताया कि वे अपने हलके की सेवा सहित पूरे प्रदेश को अपना मानते हैं। बुजुर्गों के आशीर्वाद से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं।


**बवानीखेड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम बवानी खेड़ा निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर शंभू सिंह के नाम करवाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलते नवीन कौशिक।

## सरकार कर्मियों के हितों से कर रही खिलवाड़ः बागड़ी

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की अर्धशहरी ब्रांच की मीटिंग
- दोबारा ज्वाईनिंग की मांग को लेकर मंत्री श्रुति चौधरी के निवास पर प्रदर्शन की बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

देवसर चुंगी स्थित मुख्य डिस्पोजल पर मंगलवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर-41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की अर्धशहरी ब्रांच की मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की तथा मंच का संचालन ब्रांच सचिव प्रवीण कुमार ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अनिल बागड़ी व जिला सचिव सोमबीर पालवास ने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के प्रति दोगली नीति अपनाए हुए है तथा लगातार उनके हितों के साथ शोषण कर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई बार सरकार को अवगत करवाने के बावजूद भी कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी जा रही, जिसके चलते उनमें रोष बना हुआ है तथा इसी के चलते हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन 20 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेगी। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे राज्य उप प्रधान सूरजभान जटासरा, राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर ने कहा कि एक तरफ तो सरकार कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने का दावा करती है। ब्रांच के कार्यवाहक प्रधान सुंदर हालुवास, कोषाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, उपप्रधान रमन, गुरवचन, रविंद्र हालुवास, सुरेंद्र सैनी, संजय यादव, विरेंद्र आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### श्रुति चौधरी के आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा

उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के हटाए गए कर्मचारियों को वापस ज्वाइन करवाने की मांग को लेकर 11 व 12 मई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास पर दो दिवसीय प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित किए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, वर्ष 2020 से 2023 की एलटीसी दिए जाने, न्यूनतम वेतन लागू किया जाने की मांगों पर चर्चा हुई।

## 70 वर्ष की आयु पार करने वाले बुजुर्ग सम्मानित

- भारत माता सेवा मंडल ने एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में सदस्यों को पगड़ी पहनाकर उनको सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भारत माता सेवा मंडल ने एम सी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में 70 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके सदस्यों को पगड़ी पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। भारत माता सेवा मंडल के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता पदम सिंह चौहान ने बताया कि आज रामलाल सुखीजा 80 वर्ष, रामेश्वर पिलानिया 80 वर्ष, शंकर सचदेवा 75 वर्ष ,धर्मपाल वधवा 75 वर्ष,पूर्णमल शर्मा 74 वर्ष ,वेद प्रकाश तंवर 75 वर्ष ,बलराज शर्मा 73 वर्ष , पदम सिंह चौहान 70 वर्ष, दिवान चंद 70 वर्ष को मंडल के जुगनू पेंटर , सतीश कथूरिया, राकेश अरोड़ा जीएमसी,अशोक जूस वाला ,भीष्म सचदेवा, धर्मवीर दहिया,शंकर ललित,शंकर दास ,रमेश यादव ने अपने बड़ों को पगड़ी पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता पदम सिंह चौहान, संरक्षक गणपत जसूजा ने रोष जताते कहा कि 70 वर्ष के बुजुर्गों को मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान नहीं की जाती। ड्राइविंग लाइसेंस की सुविधा प्रदान नहीं की जाती। बैंक क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान नहीं करते।


**भिवानी।** पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

#### सरकार मांगें पूरा करे

यदि बच्चे माता पिता को अपने पास नहीं रखते हैं तो बुजुर्गों के पास कोई चारा नहीं बचता है । सरकार हमारी सभी मांगों को पूरा करे। आज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से बलदेव सिंह ,मूलचंद शर्मा,सुभाष छाबड़ा ,अंगना राम हलवाई ,मुरारी लाल शर्मा, बिशम्बर शर्मा,महावीर तेनेजा , प्रेम मेहता , देवेश गोयल , सुदर्शन बंसल ,डॉ ओमप्रकाश चावला, नरेंद्र बग्गा ,रामनिवास फौजी, ओमप्रकाश रानीवाल, महेश नारंग ,सुरेश वधवा ,कर्मबीर तंवर, सुमेर सैनी,चंद्रभान डेमला ,सुरेश बजाज ,श्री निवास शर्मा,सुभाष भोला, यज्ञ दत,जग्गा, जगदीश खट्टर,विक्की,सूरज प्रकाश ,जसवंत मदान, ढींगड़ा जी उपस्थित रहे।

## त्रिवेणी रोपित कर छबील लगाई

- श्रीगोसेवा आनंद मंगल के प्रधान विजेंद्र की पुण्यतिथि पर रोपित की त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

महम रोड स्थित श्रीगौसेवा आनंद मंगल संस्था के संस्थापक विजेंद्र भाया की पहली पुण्यतिथि पर संस्था ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए त्रिवेणी (पीपल, नीम और बड़) का रोपण किया और राहगीरों के लिए मीठे पानी की छब्बील लगाई। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुजर पहुंचे। मुख्यतिथि व अन्य लोगों ने संस्था संस्थापक विजेंद्र भाया को श्रद्धांजलि अर्पित की और संस्था के समाजसेवा से जुड़े कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि विजेंद्र भाया सामाजिक एवं धार्मिक विचारों वाले व्यक्ति थे, जो हमेशा धर्म-कर्म और सेवा भावना में विश्वास रखते थे। इस मौके पर पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला, नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, पार्षद विनोद प्रजापति, कुलदीप तिगड़ाना, राजेश शर्मा, नरेश, सुमेर प्रजापत, मनोज, सोमराज, राजकुमार भगत आदि उपस्थित थे।


**भिवानी।** त्रिवेणी रोपित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### लाइनपार क्षेत्र के लोगों के लिए खतरा बनी 132 केवी बिजली लाइन

**भिवानी।** बिजली विभाग द्वारा मंगलवार को आयोजित करवाए गए शिकायत निवारण कैंप में रेल अंडरपास महापंचायत जीतूवाला ने कार्यकारी अभियंता दयाचंद रोहिल्ला को सैकड़ों घरों के उपर से गुजर रही 132 केवी पावर लाइन हटवाने के पत्र सौंपा। यह देते हुए महापंचायत संयोजक रोहतास वर्मा ने बताया कि ज्ञापन में बताया गया कि तोशाम रोड़ से नई अनाज मंडी तक लाइनपार क्षेत्र की रुद्रा कालोनी, सेवा नगर, शिव नगर कालोनी, ब्रह्मा कालोनी, ब्रजवासी कालोनी शास्त्री नगर के सैकड़ों घरों के उपर से गुजर रही है जिससे हर समय खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि बरसात के समय में तो यह खतरा और बढ़ जाता है। जिसके चलते घरों में रहने वालों के सिर पर हमेशा खतरे की तलवार लटकी रहती हे। क्षेत्रवासियों ने विधायक घनश्याम सर्राफ के सम्मुख इस लाइन को हटवाने मांग की गई मगर अभी तक लाइन हटवाने बारे कोई कार्यवाही नहीं हुई। महापंचायत सदस्य मनीष बंसल ने अधिकारियों को बताया कि तोशाम रोड़ से रुद्रा कालोनी तक इस लाइन के तार भी उतारे गए हुए हैं।

- घरों के ऊपर से गुजर रही 132 केवी लाइन से हमेशा लटकी रहती है खतरे की तलवार : रोहताश वर्मा

### लेबर कोड रद करने व 26000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग

# ट्रेड यूनियनों-कर्मियों की 20 की हड़ताल पर मंथन

- सार्वजनिक क्षेत्र के नीजिकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लेबर कोड रद करने, 26000 रूपयें न्यूनतम वेतन लागू करने, कच्चे कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों को पक्का करने, निर्माण मजदूरों के बोर्ड को लागू करने, मनरेगा में 600 रूपये दिहाड़ी व 200 दिन काम देने, महंगाई व बेरोजगारी खत्म करने, सार्वजनिक क्षेत्र के नीजिकरण पर रोक लगाने, लोकतंत्र व सविधान की रक्षा के लिए केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर होने वाली 20 मई की देशव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक होगी। देशव्यापी हड़ताल की तैयारियों के लिए केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों की सयुक्त बैठक इंटक कार्यालय, लघु सचिवालय के पीछे एटक नेता ईश्वर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने किया। बैठक में सीटू से राममेहर सिंह, कुलदीप बड़वा, महाबीर, एटक से ईश्वर शर्मा व फूलसिंह इन्दोरा, इंटक से रामौतार खोरड़ा व साधु रूपाणा, एआईयूटीयूसी से राजकुमार बासिया व धर्मबीर सिंह आदि शामिल हुए। ट्रेड यूनियन नेताओं ने कहा कि भाजपा गठबंधन की नवउदारवादी नीतियों के चलते आज देश में महंगाई, बेरोजगारी बदसतूर जारी हैं। एनडीए सरकार अपने चहेते कोरपोरेट घरानों को फायदा पंहुचाने के लिए देश के तमाम सार्वजनिक क्षेत्र को कोडियों के भाव लुटा रही हैं। लेबर कोड लागू करके मजदूरों को पूंजीपति घरानों को गुलाम बनाने का षड़यंत्र रच रही हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में तमाम श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। 46वें श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट को लागू नही किया जा रहा हैं। लम्बे समय से काम करने वाली परियोंजना कर्मियों व कच्चें कर्मचारियों को न ही तो पक्का किया जा रहा हैं और न ही 26000 रूपयें न्यूनतम वेतन लागू किया जा रहा हैं।


**भिवानी।** 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा करते केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### रोष प्रदर्शनों में भारी तादात में शामिल होने का आह्वान

भाजपा नेताओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट जैसी सर्वोच्च सैवाधानिक लोकतांत्रिक संस्थाओं पर टिप्पणी करके उनको पंगु बनाने व दबाने का काम किया जा रहा हैं, ऐसे हालात में होने वाली 20 मई की देशव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक हड़ताल साबित होगी। जिले में भिवानी व सिवानी में हड़ताल करके सयुक्त आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। मजदूरों, कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों व किसानों से हड़ताल व रोष प्रदर्शनों में भारी तादात में शामिल होकर हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

### इग्नू ने असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ाई

**चरखी दादरी।** जून-2025 टीईई के लिए ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क जर्नल, प्रैक्टिकम, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई कर दिया है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि असाइनमेंट केवल अपने अध्ययन केंद्र पर रविवार के दिन ही जमा करवाएं। प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क जर्नल, प्रैक्टिकल, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट यूनिवर्सिटी द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए तैयार करके निर्देशिका में दी गई जानकारी के अनुसार ही जमा करवाएं।

